**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 310**
**उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024**

## महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की फाइबर नेटवर्क अवसंरचना का विस्तार

**310. श्री सतपाल ब्रहमचारीः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का युवा और स्टार्ट-अप का समावेश करते हुए देश में महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की फाइबर नेटवर्क अवसंरचना का विस्तार करने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और देश के दूर- दराज के क्षेत्रों को नेटवर्क से जोड़ने में हो रहे विलंब के कारण क्या हैं;
(ग) क्या अन्य निजी नेटवर्क प्रदाताओं की तुलना में एमटीएनएल का फाइबर नेटवर्क विस्तार कार्य धीमा है;
(घ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और देश में एमटीएनएल और बीएसएनएल के नेटवर्क विस्तार को गति देने के लिए सरकार द्वारा लिए गए/लिए जाने के लिए प्रस्तावित कदम क्या हैं; और
(ङ) हरियाणा में, विशेषरूप से विभिन्न पंचायतों और सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में विद्यमान टेलिकम्यूनिकेशन के कवर का प्रतिशत क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) से (ङ)** बीएसएनएल और एमटीएनएल ने देश में 8.96 लाख रूट किमी से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) नेटवर्क बिछाया है। इसके अलावा भारतनेट परियोजना के तहत देश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में 6.89 लाख किलोमीटर से अधिक ओएफसी बिछाया

गया है। बीएसएनएल/एमटीएनएल अपने ओएफसी नेटवर्कों का नियमित रूप से विस्तार और उन्नयन कर रहे हैं।

बीएसएनएल ने दिनांक 30.04.2024 तक अपने नेटवर्क पर 38.93 लाख फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। बीएसएनएल लगभग 6,000 भारतनेट उद्यमियों (बीएनयू) के साथ मिलकर गांवों/ग्राम पंचायतों में भारतनेट का उपयोग करते हुए एफटीटीएच कनेक्शन भी उपलब्ध करा रहा है।

बीएसएनएल ने स्टार्ट-अप कंपनियों, सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) आदि को अपने अभिनव उत्पादों और सॉल्यूशनों के परीक्षण और विकास को प्रोत्साहन देने के लिए प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) नीति को अंतिम रूप दिया है। इस नीति से भारत में स्वदेशी दूरसंचार उत्पादों और सॉल्यूशनों के अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

सरकार ने बीएसएनएल/एमटीएनएल को 3.2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि के तीन पुनरूद्धार पैकेज दिए हैं। पुनरूद्धार कार्यनीति के भाग के रूप में बीएसएनएल/एमटीएनएल पूरे देश में फाइबर नेटवर्क और मोबाइल नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।

सोनीपत संसदीय क्षेत्र सहित हरियाणा के सभी गांवों (100%) में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त हरियाणा में कुल 6,256 ग्राम पंचायतों में से 97.22% ग्राम पंचायतों को ओएफसी से जोड़ा गया है। सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 516 ग्राम पंचायतों में से 98.64% ग्राम पंचायतों को ओएफसी से जोड़ा गया है।

****